
# यूपी बनेगा विकसित भारत का आधार : विश्व बैंक अध्यक्ष

**राज्य ब्यूरो, जागरण • लखनऊ:** विश्व बैंक अध्यक्ष अजय बंगा ने कहा है कि उत्तर प्रदेश का विकास भारत को वैश्विक मंच पर विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। विकसित यूपी ही विकसित भारत का आधार बनेगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदृष्टि, ऊर्जा और दृढ़ संकल्प की सराहना करते हुए कहा कि उनकी नीतियों ने यूपी की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है।



लखनऊ में शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास में मुलाकात करते विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा • सूचना विभाग

**बंगा ने कहा- मजबूत कानून व्यवस्था, बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर और सुदृढ़ कनेक्टिविटी से यूपी बना निवेश का आदर्श गंतव्य**

शुक्रवार को लखनऊ पहुंचे विश्व बैंक अध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उन्होंने राज्य में हो रहे विकास कार्यों और मुख्यमंत्री के नेतृत्व की सराहना की। स्वागत से अभिभूत अजय बंगा ने कहा, 'ऐसा लग रहा है कि मैं अपने घर वापस आया हूं। यूपी में मेरी ससुराल है। 12 साल बाद यहां आया हूं, हर क्षेत्र में बदलाव देख रहा हूं।' उन्होंने प्रदेश में इन्फ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में हुए सुधारों, मजबूत कानून व्यवस्था और सुदृढ़ कनेक्टिविटी की प्रशंसा की। कहा कि मजबूत कानून व्यवस्था और बेहतर इन्फ्रास्ट्रक्चर ने यूपी को निवेश और विकास के लिए आदर्श बनाया है। छोटे किसान राज्य की सबसे बड़ी ताकत हैं। ये किसान ही प्रदेश का सोना हैं। किसान जमीन बेचकर नहीं, उन्नत खेती के जरिये ही समृद्धि हासिल कर सकते हैं।

प्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि यहां धार्मिक, सांस्कृतिक और ईको-टूरिज्म की अपार संभावनाएं हैं। यह राज्य को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिला सकती हैं। यूपी का खानपान और हस्तशिल्प न केवल भारत में बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी लोकप्रिय है। इनके माध्यम से अर्थव्यवस्था को और मजबूत किया जा सकता है। विश्व बैंक अध्यक्ष ने मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में उप्र की क्षमता को असाधारण बताया। सूक्ष्म, लघु, और मध्यम उद्योग (एमएसएमई) में यूपी की बड़ी पहचान हैं। ईज आफ डूइंग बिजनेस के लिए बनाए गए माहौल की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह निवेशकों को आकर्षित करता है। बंगा ने स्किल डेवलपमेंट पर सरकार के फोकस को युवाओं के लिए गेम चेंजर बताया। हेल्थकेयर और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में हुए सुधारों को भी सराहा।

**संबंधित खबर** » **पेज 13**

## अप्रैल में एसआइपी निवेश सर्वकालिक उच्च स्तर पर

**मुंबई:** भारत के म्यूचुअल फंड उद्योग ने अप्रैल में एसआइपी योगदान में ऐतिहासिक उछाल दर्ज किया और इस दौरान निवेशकों ने रिकार्ड 26,623 करोड़ रुपये इसके माध्यम से निवेश किए। **देखें** » **15**

********